# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025




### सर्वोच्च बलिदान देने वाले

- सहायक उप निरीक्षक रामूराम नाग
- कांस्टेबल कुंजम जोगा, वंजाम भीमा

### सराहनीय सेवाओं के लिए इन पुलिस अफसरों को

- ध्रुव गुप्ता, आईजी अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी)
- प्रशांत ठाकुर, एसएसपी सूरजपुर
- श्वेता राजमणी, सेनानी, 19वीं वाहिनी छसबल, जगदलपुर
- रवि कुमार कुर्रे, एसपी कोरिया
- कौशिल्या भट्ट, निरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग
- रोहित कुमार झा, एआईजी गुप्तवार्ता
- कमलेश कुमार मिश्रा, निरीक्षक विशेष शाखा
- डाल सिंह नामदेव, प्लाटून कमांडर 13वी वाहिनी छसबलल कोरबा
- दिलीप कुमार सिन्हा, कंपनी कमाण्डर, 15वीं वाहिनी छसबल बीजापुर
- सुशील कुमार बरूआ, एपीसी, प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई

*केंद्र ने जारी की सूची 10 पुलिस अफसरों को उनके योगदान के लिए सराहनीय सेवा पदक*

# जेल डीजी गुप्ता को राष्ट्रपति पदक, नक्सल मोर्चे पर शहीद तीन जवानों समेत 14 को वीरता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

केंद्र ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीरता पुरस्कार यानी गैलेंट्री अवार्ड पाने वाले पुलिसकर्मियों की लिस्ट जारी कर दी है। सरकार इस बार छत्तीसगढ़ के 14 पुलिसकर्मियों को उनकी बहादुरी, साहसिक कार्रवाई और कर्तव्यनिष्ठा के लिए इस सम्मान से नवाजेगी। विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदक से भी पुलिस अधिकारी-कर्मी सम्मानित होंगे। जेल डीजी हिमांशु गुप्ता को विशिष्ठ सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। आईपीएस सुनील शर्मा का नाम वीरता पदक की सूची में शामिल है। नक्सल मोर्चा में वीरगति पाने वाले एक एएसआई ▶▶|शेष पेज 7 पर

### शहीद होने वाले जवानों को गैलेंट्री अवार्ड

दो वर्ष पूर्व 25 फरवरी 2023 को डीआरजी टीम कमांडर एएसआई रामूराम नाग, आरक्षक कुंजाम जोगा और वंजाम भीमा सुकमा, जगगुंडा के जंगलों में सर्चिंग के लिए निकले थे। जवानों के सर्चिंग में निकलने की जानकारी नक्सलियों को मिल गई। एएसआई तथा दोनों आरक्षक जैसे ही जंगल में पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने उन पर फायरिंग शुरू ▶▶|शेष पेज 7 पर



### इन पुलिस अफसर, कर्मियों को वीरता पुरस्कार

- आईपीएस सुनील शर्मा
- उप निरीक्षक संदीप कुमार मडिले
- कांस्टेबल मडकम पांडू, मडकम हदमा, मडकम देवा, बरसे हुंगा, रोशन गुप्ता, सूरज कुमार मरकाम, मडवी सन्नू, कंपनी कमांडर करोड़ सिंह और पुरुषोत्तम देवांगन के नाम शामिल हैं।

### नक्सलियों को ढेर करने पर सम्मान

सुकमा के तत्कालीन एसपी सुनील शर्मा को 8 मई 2023 को दंतेशपुरम के जंगल में एकत्र हुए 30 से 35 नक्सलियों द्वारा थाना लूटने तथा हथियार लूटने की योजना बनाने की जानकारी मिली। इस पर श्री शर्मा पुलिस की टीम के साथ सर्चिंग के लिए निकले। इस दौरान नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। एसपी सुनील शर्मा तथा उनकी टीम ने पोजिशन लेते हुए जवाबी फायरिंग की। ▶▶|शेष पेज 7 पर


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹72863/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹88990/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹97141/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand Jewels

Pandri, Raipur


### स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश

इस अवसर पर 15 अगस्त शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 17 अगस्त रविवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।

प्रधान संपादक

*रांची। झारखंड की राजधानी रांची में एक ऑटोरिक्शा और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आपदा, 200 से ज्यादा लापता, 120 बचाए गए

# उत्तराखंड के बाद जम्मू में कुदरत का कहर, बादल फटने से 40 की मौत

*उत्तराखंड के बाद जम्मू-कश्मीर में कुदरत का कहर बरपा है। गुरुवार को किश्तवाड़ में बादल फटने से सैलाब आया जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई, जबकि 120 लोगों का अब तक रेस्क्यू किया गया है। ये हादसा हिमालय स्थित माता चंडी के मंदिर की यात्रा के दौरान चिशोती इलाके में हुआ। 200 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। भारी बारिश से आई अचानक बाढ़ और मलबे ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई।*

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर पहाड़ी गांव में गुरुवार को बादल फटने से सीआईएसएफ के दो जवानों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के अब भी फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है और अब तक 120 लोगों को बचा लिया गया है जिनमें 38 की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 7 पर

- किश्तवाड़ में भारी तबाही दो पुल बहे कई गांवों का संपर्क कटा



**हेल्पलाइन नंबर जारी :** मदद के लिए 98582-23125, 60067-01934, 97975-04078, 84928-86895, 84938-01381, और 70064-63710 पर संपर्क कर सकते हैं। इनके अलावा, जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 01995-259555 और 94842-17492 हैं। किश्तवाड़ के पुलिस नियंत्रण कक्ष का नंबर 99061-54100 है।

### राष्ट्रपति-पीएम ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ उनकी संवेदनाएं हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि बादल फटने से प्रभावित चशोती गांव में बचाव और राहत अभियान जोरों पर है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। उपराज्यपाल ने एक पोस्ट में कहा, चशोती में बचाव और राहत अभियान पूरे ज़ोरों पर है।

# स्कार्पियो के गुप्त चेंबर में मिले 4 करोड़ रुपए

- पुलिस ने मामला आयकर विभाग को सौंपा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

शहर के इतवारी बाजार इलाके में पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक स्कार्पियों में चार करोड़, चार लाख रुपए नकद मिले। तलाशी के दौरान वाहन के सीटों के नीचे बने एक गुप्त चेंबर से 4,04,50,000 रुपए (चार करोड़ चार लाख पचास हजार) नकद बरामद किया गया। बरामद नकदी के परिवहन संबंधी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### आयकर विभाग को भेजी राशि

बरामद नकदी की प्रकृति एवं परिस्थितियों को देखते हुए कानून के प्रावधानों के अनुसार संपूर्ण मामला आयकर विभाग को अग्रेषित किया गया है। इससे वे संबंधित कर प्रावधानों एवं वित्तीय लेन-देन से जुड़े पहलुओं की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर सकें।

- **लक्ष्य शर्मा,** एसपी, केसीजी

### वाहन में सवार गुजरात के निवासी

खैरागढ़ पुलिस ने बताया कि पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि वाहन में सवार लोगों के नाम पटेल पारस पिता जयंतीभाई पटेल (36), निवासी वडोदरा गुजरात एवं पटेल अक्षय पिता शैलेश भाई पटेल (30), निवासी पाटन गुजरात निवासी हैं। पुलिस ने मामले की अग्रिम कार्रवाई हेतु मौके पर प्रतिष्ठित व्यक्तियों को गवाह के रूप में बुलाया। उनकी उपस्थिति एवं वीडियोग्राफी के साथ वाहन की विस्तृत तलाशी ली गई।




**खबर संक्षेप**

### मैदानी क्षेत्र में सेवा दे रहे 11 डीएसपी का नक्सल मोर्चे में स्थानांतरण

**रायपुर।** टीआई से डीएसपी के पद पर प्रमोशन पाने वाले 11 पुलिस अफसरों का गृह विभाग ने स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का ताबादला आदेश जारी किया गया है, उनमें से ज्यादातर अफसरों की पोस्टिंग मैदानी इलाके में है, जिनका अब नक्सल मोर्चे में ट्रांसफर किया गया है। स्थानांतरण किए गए पुलिस अफसरों में रायपुर डॉयल-112 में सेवा दे रहे योगेश कुमार साहू का स्थानांतरण कांकेर किया गया है। जिन अफसरों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है, उनकी सूची इस प्रकार है- जितेंद्र कुमार खुंटे जांजगीर-चांपा से दंतेवाड़ा, मनोज कुमार तिर्की बेमेतरा से बीजापुर, योगेश कुमार साहू रायपुर से कांकेर, मनीष कुमार कुंवर सक्ती से सुकमा, सिद्धार्थ बघेल बिलासपुर से बीजापुर, महिला डीएसपी लितेश सिंह कोंडागांव से गरियाबंद, हरिश कुमार पाटिल दुर्ग से बीजापुर, मिलिंद पाण्डेय महासमुंद से बीजापुर, सौरभ उइके सूरजपुर से सुकमा, जितेंद्र कुमार कुंभकार दंतेवाड़ा से दंतेवाड़ा, अजय कुमार सिंह नारायणपुर से नारायणपुर किया गया है।

### एक शाम देश के नाम, आज देशभक्ति गीत प्रतियोगिता

रायपुर। आर्यिका रत्न 105 श्री अंतर्मति माताजी के मंगल सान्निध्य में पद्मप्रभ भक्त परिवार महिला चातुर्मास समिति, सकल दिगाम्बर जैन समाज लभाण्डी की ओर से 15 अगस्त शुक्रवार शाम 7 बजे देशभक्ति गीत एक शाम देश के नाम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# साय ने कहा-भारत का विभाजन इतिहास की एक गहरी पीड़ा

## भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं चित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित महंत घासीदास संग्रहालय के मुक्ताकाश मंच पर आयोजित भारत विभाजन विभीषिका दिवस राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, भारत का विभाजन इतिहास का एक ऐसा अध्याय है, जिसकी पीड़ा आज भी महसूस की जाती है। उस दौर की घटनाओं को याद करना आज भी मन को उद्वेलित कर देता है।

उन्होंने कहा, विभाजन के समय लाखों लोगों को अपने घर-परिवार और मातृभूमि से दूर होना पड़ा तथा अनेक स्थानों पर हिंसा और अशांति का सामना करना पड़ा। कुछ लोग सुरक्षित अपने देश लौट सके, जबकि कई अपने घरों तक नहीं पहुंच पाए। अमृतसर स्टेशन जैसे स्थानों पर आई ट्रेनों से जुड़ी घटनाएं आज भी विभाजन के कठिन दौर की याद दिलाती हैं। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में भी जो लोग भारत आए, उन्होंने परिश्रम और साहस के साथ जीवन में नई शुरुआत की, जो सराहनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा, कठिन संघर्ष और त्याग के मूल्यों पर हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से प्राप्त तिरंगे का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर बीते कुछ वर्षों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा पूरे देश में उत्साह और एकता का प्रतीक बन गया है। तिरंगा यात्राओं और हर-घर तिरंगा अभियान ने इसे जन-जन से जोड़ दिया है। राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता, विचारक एवं लेखक डॉ. सदानंद सप्रे ने कहा, विभाजन के समय की पीड़ादायक घटनाएं इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हम सभी के एकजुट प्रयासों से भारत की एकता और अखंडता और सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. युधिष्ठिर लाल महाराज ने कहा, हमें स्वतंत्रता के साथ-साथ उस समय के कष्ट, विस्थापन और चुनौतियों को भी याद रखना चाहिए। आने वाली पीढ़ी को विभाजन के इतिहास से अवगत कराना आवश्यक है। विभाजन के समय सिख और सिंधी समाज सहित अनेक समुदायों को अपने घर-परिवार छोड़कर पलायन करना पड़ा, जो एक बड़ा मानवीय संकट था।

### ये थे मौजूद

इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी एवं मोतीलाल साहू, अजय जामवाल, पवन साय, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

### हाईटेक नकल प्रकरण के बाद व्यापमं ने लागू किया था ड्रेसकोड

# व्यापमं के बाद पीएससी ने भी लागू किया ड्रेस कोड, आधी बांह और स्लीपर में हल करने होंगे पर्चे

## उन रंगों की भी सूची अपलोड, जिन्हें पहनने पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में भी अब कड़े ड्रेस कोड लागू होंगे। इसे लेकर पीएससी द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में अब सिर्फ आधी बांह के कपड़े और स्लीपर पहनकर ही शामिल हो सकेंगे। बिलासपुर में उप अभियंता भर्ती परीक्षा के दौरान हुए हाईटेक नकल के बाद सर्वप्रथम व्यापम ने अपनी प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं में ड्रेस कोड लागू

किए थे। हाफ बांह के अलावा परीक्षार्थियों को हल्के रंग के कपड़े भी पहनने होंगे। काला, मैरून, गहरा नीला व हरा, जामुनी, बैंगनी, चॉकलेटी सहित अन्य सभी गहरे रंग प्रतिबंधित हैं। पीएससी ने ना पहने जाने वाले रंगों की सूची भी अपलोड की है।

नीट की तर्ज पर ड्रेसकोड लागू करने के




अलावा परीक्षार्थियों के लिए किसी भी तरह के उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। वे घड़ी का भी प्रयोग नहीं कर सकेंगे। इसके स्थान पर प्रत्येक कक्ष में घड़ी की व्यवस्था पीएससी द्वारा की जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पहले मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे। परीक्षार्थियों को प्रत्येक पाली में परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व केंद्र में उपस्थित होना होगा।

### होगा जैमर का प्रयोग

अब तक व्यापम और पीएससी की परीक्षाओं में जैमर का प्रयोग नहीं होता था। अभ्यर्थियों की जांच भी सामान्य तरह से ही होती थी। व्यापम के बाद अब पीएससी भी साइबर सुरक्षा की दृष्टि से जैमर का इस्तेमाल करेगा। परीक्षार्थियों की जांच मेटल डिटेक्टर से होगी, ताकि किसी भी तरह के सूक्ष्म से सूक्ष्म उपकरण पकड़ में आ सकें। पीएससी की अगली परीक्षाओं से ये नए नियम लागू कर दिए जाएंगे।

### नहीं छोड़ सकेंगे परीक्षा कक्ष

पीएससी अभ्यर्थी परीक्षा समाप्त होने के पहले कक्ष नहीं छोड़ सकेंगे। उन्हें परीक्षा अवधि पूर्ण होने तक कक्ष में ही बैठना होगा। यदि किसी अभ्यर्थी के साथ किसी तरह चिकित्सीय आपातकाल की स्थिति निर्मित हो जाती है तो अभ्यर्थी को अस्पताल ले जाने और परीक्षा समाप्त होने के समय तक दो वीक्षक अभ्यर्थी के साथ अस्पताल में ही मौजूद रहेंगे। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि अभ्यर्थी परीक्षा संबंधित किसी भी तरह की अवांछित गतिविधि कक्ष से बाहर निकलकर ना करे।

### समता कॉलोनी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी पूर्ण

**रायपुर।** राधाकृष्ण मंदिर समता कॉलोनी में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर्व को धूमधाम से मनाने तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। मीडिया प्रभारी सत्येंद्र अग्रवाल के अनुसार, 16 अगस्त को इस धार्मिक पर्व को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं, जहां कोलकाता के हुनरमंद कारीगरों द्वारा प्रतिमा एवं संपूर्ण मंदिर परिसर का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। वहीं समिति के अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार, प्रकाश अग्रवाल, रमाशंकर पांडे, शिव सिंघानिया, हरीश अग्रवाल, रजनीश तिवारी, सत्येन्द्र अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, बाबूलाल शर्मा, भरत अग्रवाल, सुशील टावरी, सुरेश बधानी, अशोक मालू, नवरंग लाल कछुआल, सुभाष अग्रवाल, संतोष बजाज, नरेश केड़िया समेत महिला मण्डल से किरण अग्रवाल, शशि पोद्दार, शीला देवी मुंदड़ा, दर्शना बंसल, शिरोमणि पांडे, बीना मित्तल, सरला लड्ढा, वंदना अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, पिंकी झांवर आदि महिलाओं की सहभागिता रहेगी।

## रियल एस्टेट विज्ञापनों में रेरा पंजीकरण नंबर और रेरा वेबसाइट का पता प्रकाशित करना अनिवार्य



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेरा द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि अब सभी प्रकार के रियल एस्टेट विज्ञापनों में रेरा पंजीकरण नंबर और रेरा वेबसाइट का पता स्पष्ट रूप से प्रकाशित करना अनिवार्य होगा। इन निर्देशों का पालन प्रिंट मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म, ब्रोशर, पोस्टर, होर्डिंग, पंपलेट और अन्य सभी प्रचार माध्यमों पर करना होगा।

रेरा ने स्पष्ट किया है कि पंजीकरण नंबर और वेबसाइट पते का फॉन्ट प्रकार और आकार वही होना चाहिए जो प्रमोटर के मोबाइल नंबर और पते के लिए उपयोग किया गया है, ताकि उपभोक्ता आसानी से इस जानकारी को पढ़ और समझ सकें।

रेरा द्वारा जारी निर्देश के तहत, प्रत्येक विज्ञापन में रेरा द्वारा जारी क्यूआर कोड भी शामिल करना होगा। इस क्यूआर कोड को स्कैन कर खरीदार सीधे संबंधित परियोजना की विस्तृत जानकारी रेरा की आधिकारिक वेबसाइट पर प्राप्त कर सकेंगे।

### नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

रेरा ने चेतावनी दी है कि नियमों का पालन न करने वाले प्रमोटर्स या एजेंट्स के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही छत्तीसगढ़ रेरा ने सभी प्रमोटर्स, एजेंट्स और विज्ञापन एजेंसियों से अपील की है कि वे उपभोक्ता अधिकारों और पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए इन दिशा-निर्देशों का पालन करें।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


स्वतंत्रता दिवस पर विशेष





## कारगिल के शहीदों के सम्मान में लकड़ी को तराशकर बनाई 102 फीट लंबी शहीदी श्रृंखला

संदीप उपाध्याय ▶▶| भिलाई

आपने अब तक कई अद्भुत और चौकाने वाली काष्ठ कलाकृतियां देखी होंगी, लेकिन भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारी श्रावण चोपकर ने 9 फीट लंबी और 1 फीट चौड़ी लकड़ी के पट्टे से 102 फीट लंबी शहीदी श्रृंखला (चेन) तैयार की है। उन्होंने ये चेन साल 2011-12 में कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बनाई थी। उनकी इस कलाकृति को ▶▶|शेष पेज 7 पर



### साढ़े पांच महीने की मेहनत के बाद तैयार हुई चेन

शहीदी श्रृंखला को बनाने में चोपकर को साढ़े 5 महीने का समय लगा। वो हर दिन प्लांट की नौकरी से छूटने के बाद घर आते थे और घर के बाकी काम निपटाने के बाद तीन से चार घंटे इस चेन को तैयार ▶▶|शेष पेज 7 पर

*मिट्टी में रचा-बसा जज्बा : नागपुर के गांव जहां, हर घर से उठता है देश का रक्षक, सबका एक ही प्रण : मातृभूमि की रक्षा*

## पांच गांवों से 21 जवान, कोई बर्फीली सरहद पर तो कोई रेगिस्तान में तैनात

रविकांत सिंह राजपूत

स्वतंत्रता दिवस पर जब पूरा देश तिरंगे के रंग में रंगा है। नागपुर और उसके आसपास के ये गांव एक अलग ही गर्व से सराबोर हैं। यहां के खेत-खलिहान से उठने वाली खुशबू सिर्फ धान या गेहूं की नहीं, बल्कि मातृभूमि की रक्षा करने वाले सपूतों के पसीने और त्याग की है। मनेंद्रगढ़ ब्लाक का एक ग्राम पंचायत है नागपुर। नागपुर समेत ▶▶|शेष पेज 7 पर




**एक दशक में बदल गई तस्वीर**

कभी इन गांवों के युवा रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर जाते थे, लेकिन बीते 15 सालों में माहौल बदल गया। अब यहा का सबसे बड़ा सपना 'फौजी बनना' है। भर्ती रैली की घोषणा होते ही खेतों में काम करने वाले युवा सुबह-सुबह दौड़ लगाते, अभ्यास करते और अपने नाम सुनहरे अक्षरों में देशभक्ति के इतिहास में दर्ज करने की तैयारी करते हैं।


## आजादी से पहले के दस्तावेज आज भी महफूज... बना रहे बिगड़े काम

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

देश को आजाद हुए 78 बरस हो गए। सालाना जलसे में आजाद भारत की तस्वीरों के साथ हमारी उन पुरानी धरोहर को भी याद किया जाता है, जो भविष्य की राह आसान बनाती हैं। आज भी राजधानी के कलेक्टोरेट में आजादी से भी दस-बारह से पहले के दस्तावेज महफूज हैं। खास बात यह है कि ये दस्तावेज जमीन संबंधी उलझनों को सुलझाने में मदद कर रहे हैं। इन दस्तावेजों में 1928, 1929-30 के दस्तावेज भी हैं, जो अभी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। इन दस्तावेजों का एक पन्ना भी फटा या गला नहीं है। आजादी से पहले ▶▶|शेष पेज 7 पर



■ आजादी से पहले के चकबंदी-बंदोबस्त मिसल सहित अन्य दस्तावेज धरोहर की तरह रिकॉर्ड रूम में रखा हुआ है



### 1928 से लेकर आजादी तक के रिकॉर्ड सुरक्षित

स्वतंत्रता दिवस समारोह के ठीक दो दिन पहले हरिभूमि ने प्रदेश की राजधानी रायपुर स्थित कलेक्टोरेट के रिकॉर्ड रूम से लेकर पंजीयन विभाग के रिकॉर्ड रूम में प्रशासन द्वारा संजोकर रखे गए जिलेभर के भूमि और रजिस्ट्री संबंधी दस्तावेजों के रिकॉर्ड की पूछ-परख की। इस दौरान कलेक्टोरेट के रिकॉर्ड रूम में आजादी के 10 से 12 साल पहले के भी दस्तावेज हाथ लगे, जिनमें वर्ष 1929-30, ▶▶|शेष पेज 7 पर

विंग कमांडर अभिमन्यु को शौर्य और वायुसेना के नौ अफसरों को वीर चक्र

# 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने वाले नायकों का होगा सम्मान

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवॉर्ड देने का ऐलान हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर में अपना शौर्य दिखाने वाले भारतीय सुरक्षाबलों के जांबाजों को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आतंकवादी समूहों के मुख्यालयों और पाकिस्तानी सैन्य संपत्तियों को निशाना बनाने वाले लड़ाकू पायलटों सहित भारतीय वायु सेना के 9 अधिकारियों को सरकार वीर चक्र से सम्मानित करेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस पर पर 1090 बहादुर जवानों और अधिकारियों को केंद्र सरकार विभिन्न पदकों से सम्मानित करेगी। गृह मंत्रालय ने घोषणा की है कि इन वीरों ने विभिन्न परिस्थितियों में देश सेवा के प्रति अद्वितीय समर्पण और साहस का परिचय दिया है। इनमें सबसे अधिक चर्चा उन जवानों की हो रही है, जिन्होंने मई 2025 में जम्मू-कश्मीर में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ▶▶|शेष पेज 7 पर




डीजी ऑपरेशंस राजीव घई, एके भारती, एएन प्रमोद किए जाएंगे सम्मानित

### बीएसएफ के 16 जवानों को वीरता पदक

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 'विशिष्ट बहादुरी' और 'अद्वितीय साहस' का प्रदर्शन करने के लिए सीमा सुरक्षा बल के 16 कर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। अर्धसैनिक बल बीएसएफ देश के पश्चिमी हिस्से में भारत-पाकिस्तान सीमा की रक्षा करने का दायित्व निभा रहा है।

### डीजी ऑपरेशन राजीव घई को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक

उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सैन्य अभियान महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में उनकी भूमिका ▶▶|शेष पेज 7पर

### वायु सेना के चार अधिकारियों को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक

वहीं ऑपरेशन सिंदूर के लिए वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नरनादेश्वर तिवारी, वेस्टर्न एयर कमांडर एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा और डीजी एयर ऑपरेशंस एयर ▶▶|शेष पेज7 पर

### 13 वायुवीरों को मिलेगा युद्ध सेवा पदक

भारतीय वायु सेना के 13 अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इन में एयर वाइस मार्शल जोसेफ सुआरेस, एवीएम प्रजुअल सिंह और एयर कमोडोर अशोक राज ठाकुर हैं।

राहुल देव को पच्चीसवां वसुंधरा सम्मान

## वसुंधरा सम्मान की परंपरा छग की पत्रकारिता का प्रतिबिंब : डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कीर्तिशेष देवीप्रसाद चौबे की स्मृति में स्थापित एवं लोकजागरण के लिए प्रदत्त वसुंधरा सम्मान की परंपरा से छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता गौरवान्वित होती है। विगत पच्चीस वर्षों से निरंतर बिना किसी रुकावट के जारी इस समारोह में कई बार मैं मौजूद रहा हूं। इस समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में अच्छा काम करने वालों को जहां सम्मानित किया जाता है, वहीं पत्रकारिता से संबंधित विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श भी होता है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने कहा कि स्वस्थ पत्रकारिता का आशय समाज की



प्रगति से ही जुड़ा होता है। अतः सकारात्मक पत्रकारिता को प्रोत्साहित करना हम सबका नैतिक दायित्व है। डॉ. सिंह ने कहा कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ इसीलिए कहा जाता है कि जनतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति हम सभी को सजग रहना चाहिए। हम सभी निष्पक्ष, दायित्वबोध और विकासपरक ▶▶|शेष पेज 7 पर

**प्रबुद्धजन रहे मौजूद:** समारोह में अतिथियों ने कला साहित्य और संस्कृति की मासिक पत्रिका कृति बहुमत के 147 वें अंक, लोकजागरण की मासिक कृति वसुंधरा के 122 वें अंक तथा श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के नए सामाजिक फोल्डर का लोकार्पण भी किया। समारोह के प्रारंभ में वसुंधरा सम्मान के संयोजक विनोद मिश्र ने आयोजकीय वक्तव्य दिया। आभार प्रदर्शन डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव तथा संचालन श्वेता उपाध्याय ने किया।

### राहुल देव को पच्चीसवां वसुंधरा सम्मान

डॉ. रमन सिंह ने सामाजिक सरोकारों तथा भाषा के स्वरूप और संस्कार के प्रति संजीदा पत्रकारिता के लिए सुपरिचित पत्रकार राहुल देव को पच्चीसवां वसुंधरा सम्मान प्रदान किया। राहुल देव को शाल श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और सम्मान निधि देकर सम्मानित किया गया। हिंदी पत्रकारिता की नयी पीढ़ी का भविष्य विषय पर समारोह को संबोधित करते हुए राहुल देव ने कहा कि पत्रकारिता का कार्य सदैव चुनौतीपूर्ण ही रहा है। नई पीढ़ी जो पत्रकारिता में आ रही है, उसे अपने पेशे के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। विगत 10-15 वर्षों में पत्रकारिता के अंदर कई बड़े परिवर्तन हुए हैं।







## चिंतन

# भारत को सामरिक-आर्थिक ताकत बनाने का लें संकल्प

आज जब भारत अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, तो वह एक आत्मविश्वास से भरा हुआ राष्ट्र है, आर्थिक व सामरिक महाशक्ति है, विश्व में सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश है, सैन्य रूप से शक्तिशाली है, दुश्मनों को करारा जवाब देता है, सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर निकल चुका है, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने देखा, इससे पहले वह सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक को अंजाम दे चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वर्ष 1947 में आजादी हासिल के बाद से अपनी 78 वर्ष की यात्रा में भारत ने विभिन्न क्षेत्र में प्रगति के अनेक कीर्तिमान रचे हैं। अंतरिक्ष, डिजिटल, ऑटो मोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, डिफेंस विनिर्माण, विमानन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पेट्रो केमिकल्स, रेलवे व हाई स्पीड ट्रेन, मेट्रो, इंजीनियरिंग, हेल्थ, एजुकेशन विज्ञान व प्रौद्योगिकी आदि सेक्टर हैं, जिनमे भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। कृषि और पशुपालन क्षेत्र में भी आज भारत एक प्रमुख वैश्विक ताकत है। अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर है, सौ से अधिक देशों को वह अनाज का निर्यात करता है। दुग्ध उत्पादन में वह सिरमौर है, दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक विविधताओं के बावजूद भारत आज एक मजबूत समावेशी राष्ट्र है, जहां अनेकता में एकता और अखंडता का भाव बुलंद है। आज जब दुनिया में युद्ध, क्षेत्रीय संघर्ष और वर्चस्व की जंग तेज है, अमेरिकी टैरिफ वार से उथलपुथल मचा हुआ है, भारत स्थिर है। जीडीपी दर सबसे तेज है और विश्व को शांति का पैगाम दे रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में एक समर्थ व समृद्ध भारत की तस्वीर पेश की है। सरकार एवं सशस्त्र बलों के फौलादी संकल्प की बदौलत भारत ने आतंकवाद का हमेशा करारा जवाब दिया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में समस्याओं के बावजूद भारत पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण है और निर्यात बढ़ रहा है। भारत, 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है। सभी प्रमुख संकेतक, अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं। भारत ने पिछले दस वर्ष में गरीबी कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। प्रति व्यक्ति आय में इजाफा हुआ है। हालांकि देश के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अमेरिकी टैरिफ वार के प्रभाव से निपटना है, विकास के मामेंटम को बनाए रखना है। डिजिटेक, हरित ऊर्जा, हेल्थ और एजुकेशन में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की जरूरत है, जिसमें विनिर्माण की मजबूती के साथ सेवा क्षेत्र में विस्तार की आवश्यकता है। भारत को भविष्य की इकोनॉमी पर फोकस करना होगा। आज जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र को संबोधित करेंगे, तो निश्चित रूप से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करेंगे, भारत के विकास व चुनौतियों पर बात करेंगे, लेकिन अब भारत को व्यवस्थागत परिवर्तन की दिशा में बढ़ने की जरूरत है, जिसमें प्रशासनिक, राजनीतिक, न्यायिक और पुलिस सुधार हो, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े निवेश के साथ क्रांतिकारी बदलाव हों और उच्च प्रौद्योगिकी व डिफेंस टेक के साथ अजेय व अभेद्य सामरिक ताकत बनने पर जोर हो। गुटनिरपेक्ष व स्वतंत्र विदेश नीति के साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा कायम रहे, अमेरिका का सबक भारत के सामने है।

# 1857 से पहले ही स्वतंत्रता संग्राम



आजादी की लड़ाई
निरंकार सिंह

सन् 1857 के विद्रोह को ‘स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम’ कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे।

भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों और घटनाओं की एक श्रृंखला थी जिसका अंतिम उद्देश्य भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करना था। यद्यपि सन् 1857 के विद्रोह को ‘स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम’ कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। भारत में अंग्रेज व्यापारियों के रूप में आए थे, जो भारत की असाधारण संपदा से आकर्षित थे, जो यूनानी काल से ही पश्चिम में प्रसिद्ध थी। वे भारत पहुंचे तो देखा कि विशाल मुगल साम्राज्य का प्रभुत्व भारत पर था, जिसकी स्थापना 16वीं शताब्दी में विजेता बाबर ने की थी और जो अब उपमहाद्वीप के अधिकांश भाग पर शासन करता था।

1613 में मुगल बादशाह जहांगीर ने अंग्रेजों को गुजरात के सूरत में एक व्यापारिक चौकी स्थापित करने की अनुमति दी, जो भारत में अंग्रेजों का पहला पैर जमाने का स्थान बना। अगली शताब्दी में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने अतिरिक्त व्यापारिक चौकियां स्थापित कीं और धीरे-धीरे पूरे उपमहाद्वीप में अपना आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव बढ़ाया। 1707 में सम्राट औरंगजेब की मृत्यु के बाद, मुगल साम्राज्य तेजी से पतन के दौर में प्रवेश कर गया, जिससे मराठों , सिखों और उत्तरी राजपूत सरदारों सहित विभिन्न क्षेत्रीय शक्तियों को अपनी संप्रभुता स्थापित करने का अवसर मिला। 18वीं शताब्दी के मध्य तक, उपमहाद्वीप में एक भी प्रमुख शक्ति नहीं बची थी, जिससे यह क्षेत्र औपनिवेशिक महत्वाकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील हो गया। 1757 में प्लासी की लड़ाई , ब्रिटेन और फ्रांस के बीच चले सात साल के युद्ध का हिस्सा थी। यह भारत पर ब्रिटिश विजय में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी स्थिति को तेजी से मजबूत किया था और अब देशी शासकों द्वारा इसे एक गंभीर खतरा माना जाता था। बंगाल के नवाब, सिराज-उल-दौला , फ्रांस के साथ गठबंधन के पक्ष में थे। वे पहले कंपनी के व्यापारिक पदों पर हमला कर चुके थे। पर नवाब के सेनापति मीर जाफर ने प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला के साथ विश्वासघात किया, जिससे अंग्रेजों को बंगाल पर नियंत्रण हासिल करने में मदद मिली। मीर जाफर को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल का नवाब बनाया था। इस महत्वपूर्ण जीत ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में एकमात्र व्यापारिक उपस्थिति से एक सैन्य और राजनीतिक शक्ति में बदल दिया। इसके बाद भी बक्सर के युद्ध (1764) के साथ बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। सशस्त्र संघर्ष को अंजाम देने के लिए 13 जनवरी 1799 की शाम तक 12,837 सैनिकों की भीड़ जुटाई गयी। ऐसा करने के लिए उपलब्ध समय की कमी को ध्यान में रखते हुए उस दिन इतने सारे व्यक्तियों का जमा हो जाना सराहनीय था। एक पखवाड़े से भी कम समय की तैयारी के आधार पर बनारस शहर और घाटों के लगभग सभी हिस्सों में जमींदारों और उनके लोगों ने इस प्रतिरोध में जिस उत्साह से भागीदारी की थी, वह प्रशंसा का विषय है और हर तरह से कुछ करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस प्रकार प्रतिरोध का यह चरण अच्छी तरह से योजनाबद्ध और संगठित था। इस तथ्य के बावजूद कि अंग्रेजों की सभी गतिविधियों पर संदिग्ध निगाहें थीं।



अंग्रेज पहले से ही जमान शाह के आसन्न आक्रमण के कारण अपनी सभी सैन्य तैयारियों के साथ सतर्क थे। फिर भी उन्हें वास्तव में विद्रोह की रूपरेखा के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यह स्थापित करता है कि कैसे गुप्त रूप से सुनियोजित और संगठित चीजें उन सभी लोगों द्वारा की जा रही थीं जो इसका हिस्सा थे। एर्स्किन के लिए माधव दास गार्डन पर हमला करना आसान नहीं था, जो अन्ततः पूरे ऑपरेशन में ‘सुनियोजित गोलीबारी’ का सामना करके एक लम्बी और निरन्तर लड़ाई के बाद ही प्राप्त किया जा सकता था। बार-बार उसे सैनिकों के संगठित दलों के हमलों से निपटना पड़ा। कई मौकों पर वे बहुत करीब से भी टकराये। इस संघर्ष में चार अंग्रेज अधिकारी मारे गये लेकिन साधारण सैनिकों के मारे जाने की संख्या का कहीं उल्लेख नहीं मिलता है। इन मारे गये अंग्रेज अधिकारियों की कब्रें वाराणसी के कैंट क्षेत्र में मकबूल आलम रोड के किनारे इसाइयों के कब्रिस्तान में बनी हुई है। इस कब्रगाह पर मारे गये अंग्रेज अधिकारियों के साथ इनको मारने वाले वजीर अली का भी नाम लिखा है जो जगत सिंह के सहयोगी थे। यह सब उन लोगों की बहादुरी और साहस को दर्शाता है जो अपनी जान की परवाह किये बिना वहां लड़ रहे थे। हालांकि दोनों ओर से कुल कितने लोग मारे गये, अब तक इसका कोई प्रमाणिक विवरण नहीं मिल पाया है। इस बारे में अनुमान है कि हजारों लोग मारे गये होंगे। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। प्रतिरोध की विफलता का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण इसका त्वरित दमन था जो बनारस के आसपास के क्षेत्र में तैनात तोपखाने और भारी गोला-बारूद से लैस एक बड़ी सेना की उपस्थिति के कारण संभव था। विद्रोहियों की ओर से भी उनकी प्रगति में बाधा डालने का ध्यान रखा गया था, लेकिन इस काम के लिए नियुक्त किए गए लोग मौके पर अनुपस्थित रहे। उन्होंने अपना काम नहीं किया और अंग्रेजी फौज को कहीं भी आसानी से जाने की सुविधा मिल सकी। विशेष रूप से माधव दास बाग के रास्ते में और इसके ठीक सामने उन्हें गोलीबारी की ताकत और विरोधियों की दृढ़ता का स्वाद चखना पड़ा। अगर यह सेना वहां तैनात नहीं होती, तो इस बात की पूरी संभावना थी कि अंग्रेजों के लिए प्रतिरोध के प्रसार को और अधिक खतरनाक स्तर तक रोकना मुश्किल हो जाता। बहरहाल बाबू जगत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा बहादुर सिंह, गजराज सिंह, बीजक सिंह प्रथम, रामदयाल, शिवशरण सिंह, लाल सिंह, शिवदेव सिंह, मिर्जा अली, इमाम अली, मिर्जा बेग, हफीजुल्लाह, खैरउद्दीन बेग, मुराद चैन को भी गिरफ्तार करके उन पर विभिन्न आरोपों का लगातार मुकदमा चलाया गया और सजा दी गयी।

बाबू जगत सिंह को अदालत ने ‘सजा-ए-मौत’ सुनाई। लेकिन निजाम अदालत ने इस सजा को बदलकर उन्हें आजीवन देश निकाला की सजा दी और इसकी पुष्टि के लिए काउंसिल के उपाध्यक्ष को भेज दिया। बनारस से कलकत्ता आने पर बाबू जगत सिंह को 31 अगस्त 1799 को टाउन मेजर द्वारा फोर्ट विलियम में कैद पर लिया गया। अंग्रेजों को बाबू जगत सिंह से इतना खतरा अनुभव हुआ कि उन्हें भारत के किसी हिस्से में कैद रखना सुरक्षित नहीं लगा। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे। ऐसा दावा डेविस ने किया था। पर वास्तविकता यह बतायी जाती है कि विदेश की जगह उन्होंने अपने देश की भूमि पर ही देह त्यागने के संकल्प के साथ हुगली नदी में जल समाधि ले ली क्योंकि हिरासत में जहर मिलना संभव नहीं था।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
शिवप्रकाश



# हर देशवासी का एक ही लक्ष्य होना चाहिए ‘विकसित भारत’

देश 15 अगस्त को स्वतंत्रता का उत्सव उत्साह के साथ मना रहा है। 15 अगस्त के अपने प्रथम भाषण में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि भारत पुनः स्वयं को खोज रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर आंख से आंसू मिटे, भविष्य हमें बुला रहा है, हमें कहां जाना है और हमें क्या करना चाहिए जिससे हम आम आदमी, किसानों और श्रमिकों के लिए स्वतंत्रता और अवसर दे सकें, हम निर्धनता मिटा सकें, एक समृद्ध लोकतांत्रिक प्रगतिशील देश बना सके। कोई भी देश तब तक महान नहीं बन सकता, जब तक उसके लोगों की सोच या कर्म संकीर्ण हो। उनके इस भाषण को इतिहास में “नियति से मिलन” नाम से उल्लेखित किया गया। 78 वर्षों की स्वतंत्रता की यात्रा में हमने बहुत कुछ प्राप्त किया है जो प्रत्येक भारतीय को गर्व करने योग्य है। अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो प्राप्त होना चाहिए था लेकिन नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने तक एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य संपूर्ण देशवासियों को दिया है जो हमें प्राप्त करना है। उस लक्ष्य को उन्होंने “विकसित भारत” के नाम से संबोधित किया है। अमृत काल की इस कालावधि में प्रत्येक भारतीय का एक ही लक्ष्य होना चाहिए “विकसित भारत”। भारत के लाखों-करोड़ों लोगों ने जब अपना संकल्प स्वतंत्रता प्राप्ति बनाया एवं उसकी प्राप्ति के लिए कठोर यातनाएं सही, तब लंबे संघर्ष के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। यह स्वाभिमान ही हमको आगे बढ़ने की प्रेरणा दे सकता है। आज भी 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प “विकसित भारत” बनना चाहिये। भारत एक प्राचीन देश है। हमारी संस्कृति सर्वकल्याणमयी एवं सर्वसमावेशी है। कोरोना काल में विश्व ने उसके दर्शन भी किए हैं। अपनी निष्ठा, समर्पण के कारण अभावयुक्त होने के बाद भी हमारे साथ स्वतंत्र हुए देशों ने आर्थिक क्षेत्र में हमसे अधिक प्रगति की है। हमारे लिए विचारणीय विषय है कि विशाल जनसमूह, प्रचुर भौतिक संसाधन एवं गौरवमय विरासत होने के बाद भी हम उतनी प्रगति नहीं कर पाए, आज भी गरीब की आंखों में आंसू हैं। आजीविका के लिए निर्धारित घंटों में हम वास्तव में कितने घंटे काम करते हैं, इसका विचार करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अनेक संबोधनों में स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए बढ़ते मोटापे पर चिंता व्यक्त की है। इससे बचने के लिए उन्होंने अपने भोजन में 10 फीसदी तेलीय पदार्थ कम करने का आग्रह भी किया है। आज अनेक सर्वेक्षण बच्चों सहित बड़ी संख्या में गंभीर रोगों के ग्रसित होने का आकलन कर रहे हैं। हम दैनिक व्यायाम, पाचनयुक्त भोजन एवं व्यवस्थित दिनचर्या से इसमें परिवर्तन ला सकते हैं। दुनिया के अनेक देश अपने देश की गिरती अर्थव्यवस्था से चिंतित हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर लगने वाला मनमाना टैरिफ इसका उदाहरण है। हम आर्थिक साम्राज्यवादी शक्तियों से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के मंत्र को अपनाकर उन पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं। भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है। प्रत्येक भाषा का अपना एक भाव जगत है। भारत की प्रत्येक भाषा परस्पर आबद्ध है। उसमें प्रयोग होने वाले मुहावरे, लोकोक्ति एवं कहावतें भी सामान भाव से युक्त है। उच्चारण भिन्न होने के बाद भी भाव एक ही रहता है। गुरुवर रविन्द्र नाथ टैगोर ने कहां था कि “भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं, यह राष्ट्र की चेतना एवं संस्कृति का संवाहक है। उपभोगवादी जीवन शैली के कारण आज हमने पर्यावरण के सम्मुख संकट खड़ा किया है। इसके कारण अन्न, जल, वायु जिस पर हमारा जीवन निर्भर है सभी विषयुक्त बना है। इसी कारण महात्मा गांधी ने कहा था कि “प्रकृति हमारी आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है, हमारे लालच की नहीं। हम सादगी युक्त जीवन शैली धारण करें। हमारे देश की विशालता के कारण इसमें विविधताओं का भंडार है। रंग-रूप, खान-पान, भाषा, लिंग, जाति, पूजा-पद्धति, ऊँच-नीच आदि में यह विविधता प्रकट होती है। इसी विविधता को अज्ञानवश कुछ लोग विभेद के रूप में स्थापित करते हैं। हम सभी भारत मां की संतान होने के कारण से एक हैं। किसी भी देश का विकास केवल सरकारों से नहीं, उसके साथ खड़ी संस्कारयुक्त, कर्तव्यनिष्ठ, जागृत जनशक्ति के द्वारा होता है। हमें इस दायित्व बोध से युक्त समाज बनना है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश के विकास के लिए शत-प्रतिशत मतदान करके अपने कर्तव्य का निर्वाह करें । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण का पालन करते हुए हमसे यह अपेक्षा की है कि हम सभी भारतवासी “विकसित भारत” के संकल्प में सहायक बनें एवं स्वतंत्रता के इस शुभ अवसर पर इन संकल्पों को हम सभी अपने जीवन का अंग बनाएं।

*( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


# शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

# अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गाजर घास : एक पर्यावरणीय चुनौती

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। 1950 के दशक में पुणे और महाराष्ट्र में इसे सबसे पहले देखा गया। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है। इससे निपटने की कारगर विधि यह है कि इसे जड़ से उखाड़ कर नष्ट कर दिया जाए। – *राकेश मिश्रा, कांकेर*

## ट्रेंड

### स्थिति पर कड़ी नज़र



मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। बचाव और राहत कार्य जारी हैं। ज़रूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### श्रद्धांजलि अर्पित



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की दुर्भाग्यपूर्ण आपदा में जान गंवाने वाले लोगों को मैं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस हादसे में प्रभावित सभी परिवारों और व्यक्तियों की कुशलता एवं सुरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### शिक्षा से ही सशक्तीकरण




शिक्षा ही सशक्तीकरण की नींव बनती है और प्रगतिशील परिवर्तन और विकास की भी। शिक्षा सकारात्मकता को जन्म देती है जिससे सहृदयता और सौहार्द विकसित होता है। शिक्षा के विरोधी स्कूल बंद करके सामाजिक समन्वय का मार्ग अवरुद्ध करते हैं।
-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### चुनौतियों का सामना



नायक/नायिका की ताकत हमेशा इस बात से तय होती है कि खलनायक कितना शक्तिशाली है। जीवन में भी आपकी उपलब्धियाँ इस बात से तय होती हैं कि आप कितनी बड़ी चुनौतियों का सामना करते हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

## जन्म दिवस विशेष
डॉ. इन्दिरा मिश्र



# शिक्षा केवल जानकारी या रोजगार के लिए नहीं

महान योगी श्री अरविन्द ने मुनष्य मात्र की सभावनाओं को बड़ी गंभीरता से लिया था। उनकी तमन्ना थी कि बच्चे का पालन बड़ी सावधानी से किया जाना चाहिए। बचपन का समय अथवा विद्यार्थी जीवन में व्यक्ति को जो परवरिश या संस्कार दिए जाते हैं वे ही उसके चरित्र का निर्धारण करते हैं। शिक्षा विद्यालय जाकर केवल अक्षर ज्ञान, गणित या इतिहास भूगोल विज्ञान जानना ही नहीं है, बल्कि आयु के बढ़ने के साथ-साथ उससे आगे जाकर अपना संतुलन, शिक्षा (आत्मिक और आध्यात्मिक) एवं ज्ञान प्राप्त करना भी है, जो कि व्यक्ति को मानस से एक दर्जा ऊपर उठाकर अति-मानस की श्रेणी में डाल सकता है। श्री मॉं जो श्री अरविन्द की सह-तपस्विनी थी, कहती थीं, कि छात्र ऐसे वीर योद्धा बनें, जो अतीत की जड़ता को तोड़ते हुए ऐसे महान युद्ध को लड़ सकें जिसमें नवीन चीजें अभिव्यक्त हों, और वह उन्हें ग्रहण करने के लिए तैयार हो सकें। वे अपनी मनोमयी चेतना और अज्ञान की दासता से ऊपर उठ सके।

अच्छा शिक्षक और अच्छे माता-पिता मिलकर एक अच्छा छात्र बनाने की संभावना रखते हैं। अच्छे माता- पिता के लिए जरूरी है कि वे बालक को अपने निर्देशन में पालें। उसे कभी भी अपने सेवकों के भरोसे न छोड़ें अन्यथा सेवक लोग उन्हें अपनी ही तरह की मनोवृत्ति में ढाल देंगे। एक अच्छा शिक्षक वह होता है, जो जिस चीज की शिक्षा छात्र को दे रहा है, वैसा स्वयं भी हो। उसे अपनी वाणी, विचारों और कामो में यह बात स्मरण रखनी चाहिए। स्मरणीय तथ्य है कि एक अच्छे शिक्षक को छोटे बच्चों के साथ बहुत धीरज धरना चाहिए और उनके लिए बार-बार बात को दोहराना चाहिए। तरह-तरह से समझाना चाहिए। धीरे-धीरे ही वह उनके मन में प्रवेश करेगी। छात्र के अन्दर काम में नियमित होने की अपेक्षा, बुद्धि और समझाने की क्षमता ज्यादा जरूरी है। स्थिरता बाद में भी आ सकती है। यदि शिक्षक यह आशा करे कि उसके छात्र बहुत शान्त, आज्ञाकारी, आदि होंगे, तो यह सही नहीं है। जरूरी यह है कि छात्र जो कुछ भी कर रहा हो, उसमें शिक्षक द्वारा रस लिया जाए, और उसमें ज्ञान, प्रगति के लिए इच्छा जगाई जाए। स्मरण शक्ति की बजाए उनकी बोध शक्ति बढ़ाई जाए। बचपन में छात्र में यह बोध शक्ति होती है। किन्तु पढ़ाई की रूटीन प्रक्रिया में वह शक्ति समाप्त हो जाती है। चीजों को रटाना एक घटिया प्रवृत्ति है चूंकि जो रटा हुआ है वह कुछ समय बाद भूल जाता है। परन्तु जो समझा गया है, वह कभी नहीं भूलता। यदि शिक्षक छात्र के कौतुहल का समाधानकारक उत्तर न दे सके, तो वह उसे कोई पुस्तकें दे सकता है ताकि छात्र की पढ़ने में रूचि हो जाए और उसकी ज्ञान प्राप्ति का मार्ग खुल जाए।



महर्षि अरविंद

शिक्षक को छात्रों पर कभी भी गुस्सा नहीं होना चाहिए। हर परिस्थिति में पूरी तरह शान्त, स्थिर और अविचल बने रहना चाहिए। एक अच्छे छात्र को नम्र, प्रसन्नवदन और मृदुभाषी होना चाहिए। उसे अपने साथी छात्रों के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करना चाहिए और उनकी अच्छे कार्य के लिए प्रशंसा भी करनी चाहिए। उसे किसी छात्र की निंदा में रूचि नहीं लेनी चाहिए। शिक्षक को छात्रों से बढ़कर अपनी योग्यता को बढ़िया दर्शाने की प्रवृत्ति बेकार है। उसे अच्छी तरह जानना है कि उसे क्या पढ़ाना है और अपने छात्रों की आवश्यकताओं को समझना है। बहुत शान्त रहना है। कभी गुस्सा नहीं करना। दूसरों का स्वामी बनने से पहले अपना स्वामी बनना है। बच्चों से मार-पीट नहीं, कभी नहीं, डाँट डपट नहीं, कभी नहीं, अध्यापक छात्रों का परम मित्र हो। सात वर्ष की अवस्था तक बच्चों को मौज करनी चाहिए। विद्यालय एक खेल हो और वे खेल ही खेल में सीखें। बच्चों को पीटना सख्ती से मना है। हल्का सा घूंसा या मारपीट भी आत्म संयम के अभाव का सूचक है और यह अध्यापक तथा विद्यार्थी दोनों के लिए हानिकारक है। अच्छा छात्र आनन्दी, विनयी, ईमानदार और आज्ञाकारी होता है। यह एक अच्छा खिलाड़ी और शिष्ट होता है। श्री अरविन्द कहते हैं कि संक्षेप में बच्चे को ऐसे सीधे, सरल और सम्मानीय व्यक्ति बनने में सहायता दी जानी चाहिए, जो दिव्य मानव बनने के लिए तैयार हो।

एक उच्चतर जीवन यापन के लिए विद्यालय में अध्यापक और विद्यार्थी, दोनों को प्रगति का अवसर होना चाहिए। हर एक को मुक्त रूप से विकसित होने का अवसर मिलना चाहिए। मुक्त से तात्पर्य है ऐसी प्रगति जिसका निदेशन अन्तरात्मा करती हो और कल्पित विचार नहीं। अध्यापक को भी शिक्षण पद्धति में अपनी दृष्टि से की गई खोजों को शामिल करना चाहिए। तभी उसमें उसे स्थाई रूचि होगी।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com



# हरिभूमि

बिलासपुर

शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

भाद्रपद कृष्ण पक्ष सप्तमी

वर्ष : 25, अंक : 145

पृष्ठ : 16+20= 36

मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 33.1

न्यून. 25.4

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



haribhoomi.com


*युद्ध के लिए उकसाने वाले बयान पर भारत की पाकिस्तान को खरी-खरी*

| 93 | M/s Ganpati Electrical Engineering 59001643690000699 | Sh. Prakash Mishra | Near Aandhra School Pole New Pole, Bhilai, Durg 490023 | 45-A Order | Feb-20 | Jun-20 | 23100/- | Ins-02 | NA |
| 94 | M/s Open Sky Restaurant 59001547500000999 | Sh Manish Malhotra | Opp- Maitri Dental College, Vill. - Anjora, Durg, Rajnandgaon Road 491001 | 45-A Order | Mar 2020 & Jun 2020 to Jun 2023 | | 351120 | Ins-02 | NA |
| 95 | M/s Prince Construction 59001522100000606 | Sh. Ashok Kumar | 251/B Risali Sector, Bhilai, Dist- Durg 490006 | 45-A Order | Aug-19 | Sep-23 | 1178100 | Ins-02 | NA |
| 96 | M/s Steel Tech 59000010530001001 | Smt. Purnima Dutta | MIG II/2257 MPHB, I/E, Bhilai 490001 | 45-A Order | Jul-2019 to Sep-2019, Apr-2020 to Jul-2020 & Oct-2020 to Mar-2021, Apr-2021 to Jul-2021 & Oct-2021 to Mar-2022, Apr-2022 to Mar-2023 & Jun-2023 to Jan-2024 | | 65402 | Ins-02 | NA |
| 97 | M/s Chauhan Associates 59001530930000606 | Smt. Poonam Chauhan | H. No. 75, Ward No. 29 Panchsheel Nagar, Zone-1, Sector-11, Khursipar, Bhilai, Durg 490011 | 45-A Order | Jul-19 | Jun-23 | 2661120 | Ins-02 | NA |
| 98 | M/s World Wide Security Organisation (P) Ltd. 59001530880001018 | Capt. V P Singh | 1st Floor, Samarth Medical Store, Jail Road, Padmanabhpur, Durg 491001 | 45-A Order | Jul-19 | Dec-23 | 573804 | Ins-02 | NA |
| 99 | M/s AS Fabrication and Engineering Pvt. Ltd. 59001546830000606 | Sh. Arvind Kumar | 1/A, Street-1, Sector -7 Bhilai 490001 | 45-A Order | Jul-19 | Jul-23 | 2512818 | Ins-02 | NA |
| 100 | M/s. Preet Construction 59001552300000699 | Sh. Harvindar Pal Matharu | Plot No. 58, Satsukh Niwas, Near Nalanda English School, Sundar Vihar Colony, Bhilai, Durg 490024 | 45-A Order | Feb-15 | Sep-18 | 277357 | Ins-02 | NA |
| 102 | M/S Akhilesh Narayan Tripathi 59-00-163116-000-0704 | Akhilesh Narayan Tripathi | 145, Raman Nagar Ward No.08 Janjgir Champa(CG) 495668 | C-18 (adhoc) | 01-08-2019 | 30-09-2023 | 416724 | Ins-03 | 22-08-2025 |
| 103 | M/S Sonu Construction 59-00-157329-000-0699 | Pramod Kumar Paswan | C/O Pramod Kumar Paswan Behind Sharan Cycle Store, Surya Vihar, Dist- Bilaspur-495006 | C-18 (adhoc) | 01-05-2019 | 31-10-2023 | 253869 | Ins-03 | 22-08-2025 |
| 104 | M/s Saroj Kumar Aditya 59-00-162151-000-0604 | Saroj Kumar Aditya | Nava Talabb Road, Budhwari Mohalla, Baloda, Dist- Janjgir Champa(CG) 495668 | 45-A Order | 01-01-2019 | 31-12-2021 | 29222 | Ins-03 | NA |
| 105 | M/s Dynamic Control Services 59-00-155355-000-1001 | Satish Kumar Parwat | C/o D.N.Upadhyaya, Aditya Herbals Traders Rajiv Vihar, Raj Kishore Nagar, Dist-Bilaspur(CG) 495006 | 45-A Order | 01-01-2019 | 31-01-2023 | 79464 | Ins-03 | NA |
| 106 | M/s Chandra Electricals 59-00-160572-000-1001 | Raj Kumar Chandra | House No -128, Ward No-08, Vill- Katari, Mohala- Thakurdev Chowk po- Sonadula Tehsil-Malkharoad, Dist-Janjgir Champa (CG) 495689 | 45-A Order | 01-01-2018 | 31-10-2021 | 181913 | Ins-03 | NA |
| 107 | M/S Nilay Infrastructure 59-00-157227-000-1009 | Sanjay Yadav | Oa-11, First Floor, Super Market, Agrasen Chowk Dist-Bilaspur(CG) 495001 | C-18 (adhoc) | 01-01-2005 | 30-06-2023 | 118388 | Ins-03 | 22-08-2025 |
| 108 | Basant Yadav 59-00-157283-000-1001 | Basant Yadav | School Para, Ward No-17, Misda Nawagarh, Dist- Jnajgir Champa (CG) 495557 | 45-A Order | 01-09-2018 | 31-01-2023 | 273273 | Ins-03 | NA |
| 109 | Kushal Kurre 59-00-162851-000-0704 | Kushal Kurre | CSEB Colony Barpali Chowk Champa (CG) 495671 | 45-A Order | 01-09-2019 | 30-11-2023 | 259182 | Ins-03 | NA |
| 110 | HARPRASAD YADAV 59-00-163977-000-0606 | HARPRASAD YADAV | Arvind Nagar, Bandhwapara, Marko Gali, Sarkanda, Bilaspur(CG) 495001 | C-18 (Adhoc) | 01-10-2019 | 31-03-2023 | 66528 | Ins-03 | 22-08-2025 |
| 111 | Maheswari Constructions 59-00-161491-000-1019 | Ranjay Kumar Singh | RKM POWERGEN PVT. LTD. UCHPINDA, DHURKOT, PO- DABHRA DIST-JANJGIR CHAMPA (CG) 495692 | C-18 (Adhoc) | 01-12-2018 | 31-12-2023 | 470663 | Ins-03 | 22-08-2025 |
| 112 | BINDHYANCHAL PRASAD 59-00-154644-000-1001 | BINDHYANC HAL PRASAD | C/O PITAMBAR SHARMA, KOTRA, GALI NO.-1, VIKAS NAGAR, RAIGARH(CG) 496001 | 45-A Order | 01-01-2016 | 31-12-2016 | 24132 | Ins-03 | NA |
| 113 | MAB GOLD FORMS 59-00-001154-000-0007 | BHUPENDRA PAL SINGH | SECTOR-C, SIRGITI INDUSTRIAL AREA BILASPUR (CG) | 45-A Order | 01-04-2015 | 31-03-2016 | 5951 | Ins-03 | NA |
| 114 | MUKUL HIGHER SECONDARY SCHOOL 59-00-154076-000-1302 | Smt. Sewa Bhattacharya | INDRA VIHAR, BANDHWAPARA, SARKAN-DA, BILASPUR(CG) 495001 | 45-A Order | 01-05-2018 | 31-12-2018 | 42042 | Ins-03 | NA |
| 115 | SHINING GUN FAMILY 59-00-002717-000-1018 | B.K. PALIWAL | 1/3, NEHRU COMPLEX, VYAPAR, VIHAR, RING ROAD, BILASPUR(CG) 495006 | 45-A Order | 01-08-2012 | 31-12-2016 | 625268 | Ins-03 | NA |
| 116 | CHINA FIRE PROTECTION GROUP INC 59-00-156665-000-1009 | CHADA PRABHAKAR | WORK SITE: KMPCL, 6 x 600 MW TPP, NEAR NARIYARA VILLAGE, AKALTARA TEHSIL JANJGIR CHAMPA(CG) 495001 | 45-A Order | 01-01-2017 | 28-02-2018 | 231231 | Ins-03 | NA |
| 117 | LAXMAN KUMAR PRADHAN 59-00-156917-000-1001 | LAXMAN KUMAR PRADHAN | AT-NAHARPALI PO- KHARSIA DIST-RAIGARH (CG) 496001 | 45-A Order | जनवरी-16 | 30-06-2017 | 71858 | Ins-03 | NA |
| 118 | M/s. B.B.Construction 59001551320001001 | Amit Kumar Tiwari | S/o. Balbhadra Tiwari, Bhagwanpur, Raigarh | 45-A Order | 01-03-2015 | 31-12-2015 | 2851 | Ins-03 | NA |
| 119 | M/s. Dhanda Hydraulics 59001559040000908 | Garjeet Singh Dhanda | Panjab Chall, Power House Road, Korba | 45-A Order | 01-09-2016 | 30-04-2019 | 162162 | Ins-03 | NA |
| 120 | M/s. Neeraj sharma 59001569140001001 | Neeraj sharma | Ward No. 08, At-Khanpur, PO-Gorkha, Near Aryan School, Raigarh | 45-A Order | 01-06-2016 | 30-09-2017 | 105105 | Ins-03 | NA |
| 121 | M/s. A.S. Construction 59001551760001009 | Parmeshwar Patnaik | 24/235, Bhole Nagar, Beladula, Raigarh | 45-A Order | 01-09-2015 | 31-12-2016 | 171600 | Ins-03 | NA |
| 122 | M/s. Raigarh Petrolium Centre 59001566600000912 | Rajesh Singh | Jindal Road, Gorkha, Raigarh | 45-A Order | 01-10-2012 | 31-03-2017 | 659354 | Ins-03 | NA |
| 123 | M/s. Seven Star Construction 59001551910001001 | Suman Sandy | Vill-Khoddal, Patadi, Korba | 45-A Order | 01-06-2016 | 31-12-2016 | 206457 | Ins-03 | NA |
| 124 | M/s. Mukesh Kumar 59001551190001001 | Mukesh Kumar | S/o. Ujala Ram, Ward No.11, Koditarai, Kirodimal Nagar, Raigarh | 45-A Order | 01-06-2015 | 31-05-2016 | 64350 | Ins-03 | NA |
| 125 | M/s. Jay Bharat English Medium School 59001550380001301 | Pradeep Kumar Mahapatra | Nawagaon, Katghora, Korba | 45-A Order | 01-02-2014 | 30-11-2015 | 165165 | Ins-03 | NA |
| 126 | M/s. Maa Bhawani Construction 59001552580001001 | Ashish Awasthi | MIG-1/94, M.P. Nagar, Korba | 45-A Order | 15-05-2015 | 31-12-2016 | 398348 | Ins-03 | NA |
| 127 | M/s. Dasrathi Prasad Rout 59001552330001001 | Dasrathi Prasad Rout | Heerapur, Kotra Road, Raigarh | 45-A Order | 01-12-2015 | 30-04-2016 | 26813 | Ins-03 | NA |
| 128 | M/s. Sarvamangla Infra Build Pvt. Ltd. 59001565860001099 | Deepak Agrawal | 154, Indira Complex, T.P. Nagar, Korba | 45-A Order | 01/08/16 to 28/02/17 & 01/04/17 to 31/01/19 | | 124411 | Ins-03 | NA |
| 129 | M/s. Narayan Singh Thakur 59001557280000908 | Narayan Singh Thakur | Qtr. No. 706, Sichai Colony Chowk, Nagoi Khar, Darri, Korba | 45-A Order | 01/01/16 to 30/06/16 & 01/09/17 to 28/02/19 | | 200772 | Ins-03 | NA |
| 130 | M/s. Deepak Construction 59001552690001001 | Deepak Kumar | Flat No. C-203, Vijay Apartment, PT R.S.S. Nagar, Korba | 45-A Order | 21/05/14 to 30/04/15, 01/01/16 to 30/06/16 & 01/12/16 to 31/12/16 | | 610253 | Ins-03 | NA |
| 131 | M/s. Shri Balaji Associates 59001555200001001 | Pankaj Gautam | Shop No.-C-1, Ghantaghar Complex, Near Girls College, Korba | 45-A Order | 01/06/16 to 31/07/16 & 01/09/16 to 31/12/16 | | 610253 | Ins-03 | NA |
| 132 | M/s. R. K. Construction 59001555880000999 | Ram Kumar Nishad | Kalmi Duggu, Darri, Korba | 45-A Order | 6/10/15 to 31/01/16 & 01/04/16 to 31/12/16 | | 68801 | Ins-03 | NA |
| 133 | M/s. I.D. Company, 59001616920000999 | Vijay Soni | Devdar Gurudwara Ward, Mayapur, Ambikapur | 45-A Order | 25-07-2018 | 31-10-2021 | 168594 | Ins-04 | NA |
| 134 | M/s. Suraj Janghel, 59001631300000704 | Shri Suraj Janghel | 133, Dania, Kalegondi, Pin -491441 | 45-A Order | 23.02.2019-28.02.2019, 01.06.2020-30.09.2020 & 01.10.2022 - 31.08.2023 | | 141818 | Ins-04 | NA |
| 135 | M/s. Gau Mata Mitra Samiti, 59001622290001304 | Shri Basant Kumar Yadav | 2nd Floor, Bajrang Colony, Ambikapur Road, Pathalgaon, Jashpur | 45-A Order | Nov-22 | Jan-24 | 124740 | Ins-04 | NA |
| 136 | M/s. Ashraf Ali Ansari, 59001641270000999 | Mr. Ashraf Ali Ansari | Mominpura, Ambikapur | 45-A Order | 05-12-2019 | 31-12-2023 | 225784 | Ins-04 | NA |
| 137 | M/s. Sanjay Kumar Pathak, 59001605410000999 | Shri Sanjay Kumar Pathak | Gamhariya, Jashpur Nagar, Jashpur | 45-A Order | Jan-20 | Dec-23 | 155232 | Ins-04 | NA |
| 138 | M/s. Amit Biswas, 59001696010000699 | Shri Amit Biswas | Ward No.11, Kachharipara, Baikunthpur, Pin - 497335 | 45-A Order | Sep-21 | Feb-22 | 6969 | Ins-04 | NA |
| 139 | M/s. Bijapur Public School, 59001613590001302 | Assi Kashi Shikshan Samiti | Near Bus Stand, Gangloor Road, Bijapur | 45-A Order | 02-04-2018 | 30-09-2022 | 321797 | Ins-04 | NA |
| 140 | M/s Stuti Enterprises, 59001566040000606 | Shri Niranjan Singh | Jhanda Chowk, near Hanuman Mandir, Vikas Nagar, Gudhiyari, Raipur, (C.G.) | C-18 (Adhoc) | May-2020 | Apr-2024 | 88704 | Ins-01 | 22-08-2025 |

# एशिया कप 2025: टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा पांच बल्लेबाजों ने जड़े छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप-2025 टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है। ऐसे में फैंस का भरपूर मनोरंजन निश्चित है। ऐसे में उन टॉप-5 खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने एशिया कप (टी20 फॉर्मेट) में सबसे ज्यादा छक्के लगाए।




### नजीबुल्लाह जादरान

अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी ने साल 2016 से अब तक एशिया कप के टी20 फॉर्मेट में कुल आठ मैच खेले, जिसमें 35.20 की औसत के साथ 176 रन बनाए। इस दौरान जादरान के बल्ले से 13 छक्के और छह चौके निकले।

### विराट कोहली

रन-मशीन कोहली ने 10 मुकाबलों में 85.80 की शानदार औसत के साथ बल्लेबाजी करते हुए 429 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 11 छक्के और 40 चौके जड़े। कोहली एक शतक के साथ तीन अर्धशतक लगा चुके हैं।




### बाबर हयात

पांच मुकाबले खेल चुके हांगकांग के इस खिलाड़ी ने एक शतक और एक अर्धशतक लगाते हुए 47 की औसत के साथ 235 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 22 चौके और 10 छक्के निकले।

### आगाज 9 सितंबर से

एशिया कप-2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होने जा रही है। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीम है, जबकि ग्रुप-बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग-चाइना की टीमें शामिल हैं। टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 10 सितंबर को यूएई से खेलेगी, जिसके बाद 14 सितंबर को उसका सामना पाकिस्तान से होगा। भारतीय टीम 19 सितंबर को ओमान को चुनौती देगी।

# सिनसिनाटी ओपन: अल्काराज, सिनर और सबालेंका ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। कार्लोस अल्काराज ने मुकाबले में इटली के लुका नार्डी को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। अगले दौर में उनका मुकाबला रूस के आंद्रेई रुबलेव से होगा।


### अल्काराज ने शुरुआत से बनाया दबदबा

अल्काराज ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और मैच के पहले 14 में से 13 अंक जीते। स्पेन के इस खिलाड़ी ने पहला सेट सिर्फ 27 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में नॉर्डी ने अल्काराज को कड़ा संघर्ष करने दिया। एक समय ऐसा भी आया, जब वह 2-4 से पीछे चल रहे थे। लेकिन, अल्काराज ने वापसी की और लगातार चार गेम जीतकर सेट 6-4 से अपने नाम किया।






### सबालेंका ने की सीधे सेटों में जीत हासिल




महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने जेसिका बोजास मानेइरो को 6-1, 7-5 से मात दी। पिछले मैच में एम्मा राडुकानु के खिलाफ तीन सेट का संघर्ष झेलने के बाद उन्होंने इस बार सीधे सेटों में जीत दर्ज की। अब उनका सामना पूर्व विंबलडन चैंपियन एलेना राइबाकिना से होगा, जिन्होंने मैडिसन कीज को 6-7 (3/7), 6-4, 6-2 से हराया।

### जानिक की संघर्षपूर्ण जीत

सिनर ने बारिश से बाधित मैच में फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 6-4, 7-6(4) से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। सिनर मैच की शुरुआत में लय में नहीं दिख रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे वह लय में लौटे और जीत हासिल की। जीत के बाद सिनर ने कहा, मन्नारिनो एक बहुत ही कठिन प्रतिद्वंद्वी है और बाकी से अलग हैं। इसलिए नहीं कि वह बाएं हाथ से खेलते हैं। उनका शॉट अक्सर नीचे रहता है।

# ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका में आर-पार की टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच केर्न्स में शनिवार को टी20 सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला खेला जाना है, जिसे जीतने वाली टीम सीरीज अपने नाम कर लेगी। सीरीज के शुरुआती दोनों मैच डार्विन में खेले गए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले मैच को 17 रन से जीता, जिसके बाद साउथ अफ्रीका ने दूसरा मुकाबला 53 रन से अपने नाम किया। दोनों टीमें फिलहाल तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-1 से बराबरी पर हैं।

### चोट के कारण ओवेन मैच से बाहर

ऑस्ट्रेलिया को सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले झटका लगा है। मिचेल ओवेन इस मैच में नहीं खेल सकेंगे। बल्लेबाजी के दौरान उनके हेलमेट पर गेंद लगी थी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी में टिम डेविड और कैमरून ग्रीन से उम्मीदें होंगी।

वार्षिक पास
FASTag का शुभारंभ
सभी नॉन कमर्शियल वाहनों (कार/जीप/वैन) के लिए



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

फास्टैग वार्षिक पास के बारे में अधिक जानकारी

- यह केवल वाहन (VAHAN) डेटाबेस द्वारा सत्यापित निजी नॉन कमर्शियल कार/जीप/वैन के लिए है और अहस्तांतरणीय है।
- यह 15 अगस्त 2025 से केवल राष्ट्रीय राजमार्गों तथा राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर मान्य है, अन्य राज्य राजमार्गों या स्थानीय निकायों या पार्किंग के लिए नियमित फास्टैग शुल्क लागू होंगे।
- **फास्टैग वार्षिक पास, खरीद की तिथि से एक वर्ष तक मुफ्त आवागमन या 200 टोल प्लाजा पार करने (जो भी पहले हो) की अनुमति देता है।**
- इसे केवल राजमार्गयात्रा ऐप या एनएचएआई की वेबसाइट द्वारा सक्रिय किया जा सकता है। एसएमएस संदेश पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे जाएंगे।
- **वार्षिक पास के शुल्क के रूप में रु.3000 का भुगतान ऐप/वेबसाइट के माध्यम से किया जाना है। भुगतान की पुष्टि के दो घंटे के भीतर यह सक्रिय हो जाता है।**
- यदि वर्तमान फास्टैग वैध हो तथा वाहन की विंडस्क्रीन पर सही ढंग से चिपका हो तो नया फास्टैग खरीदने की जरूरत नहीं है।
- यदि प्रयोक्ता वार्षिक पास न लेना चाहें तो टोल शुल्क भुगतान के लिए वर्तमान फास्टैग का उपयोग जारी रख सकते हैं।
- अधिक जानकारी के लिए राजमार्गयात्रा की वेबसाइट http://rajmargyatra.nhai.gov.in का अवलोकन करें।

31.07.2025 तक छत्तीसगढ़ में पात्र टोल प्लाजा की सूची

| क्रमांक | राजमार्ग | एनएच | टोल प्लाजा का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | दुर्ग बायपास | NH 53 | दुर्ग बायपास टोल प्लाजा |
| 2 | दुर्ग बायपास छत्तीसगढ़ /महा. सीमा | NH 53 | ठाकुरटोला टोल प्लाजा |
| 3 | उड़ीसा/छत्तीसगढ़ सीमा- आरंग | NH 53 | छुईपाली टोल प्लाजा |
| 4 | उड़ीसा/छत्तीसगढ़ सीमा- आरंग | NH 53 | ढांक टोल प्लाजा |
| 5 | आरंग-रायपुर | NH 53 | मंदिर हसौद टोल प्लाजा |
| 6 | धमतरी-कांकेर | NH 30 | जगतरा टोल प्लाजा |
| 7 | बेडमा- दहीकोंगा | NH 30 | मसोरा टोल प्लाजा |
| 8 | दहीकोंगा-जगदलपुर | NH 30 | बदाईगुड़ा टोल प्लाजा |
| 9 | सरगांव-बिलासपुर | NH 49 | मूढ़ीपार टोल प्लाजा |
| 10 | सिमगा-सरगांव खंड | NH 130 | भोजपुरी टोल प्लाजा |
| 11 | रायपुर-दुर्ग | NH 53 | कुम्हारी टोल प्लाजा |
| 12 | कटघोरा-शिवनगर | NH 130 | चोटिया टोल प्लाजा |
| 13 | सूरजपुर- अंबिकापुर | NH 43 | पचिरा टोल प्लाजा |
| 14 | ग्राम ठेका/दर्रीघाट-ग्राम बनारी | NH 49 | पाराघाट टोल प्लाजा |
| 15 | रायपुर-सिमगा | NH 30 | तरपोंगी टोल प्लाजा |
| 16 | मध्य प्रदेश सीमा चिल्पी - कवर्धा | NH 30 | मूड़ियापारा टोल प्लाजा |
| 17 | बिलासपुर-पथरापाली | NH 130 | लिम्हा टोल प्लाजा |
| 18 | मसानियाकला - रेंगापाली गांव/ओडिशा सीमा | NH 49 | झलमला टोल प्लाजा |
| 19 | कुनकुरी से छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा | NH 43 | लोदाम टोल प्लाजा |
| 20 | म.प्र./छ.ग. सीमा से सूरजपुर | NH 43 | महाराजपुर टोल प्लाजा |
| 21 | पथरापाली-कटघोरा | NH 130 | मदनपुर टोल प्लाजा |
| 22 | ग्राम बनारी ग्राम मसानिया कला खंड तक | NH 49 | केसला टोल प्लाजा |
| 23 | रायपुर-धमतरी | NH 30 | मरौद टोल प्लाजा |
| 24 | चांपा-उरगा | NH 149B | जमनीपाली टोल प्लाजा |

आज ही राजमार्गयात्रा ऐप डाउनलोड करें
Google play
App Store
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार
सड़कें ही नहीं, राष्ट्र निर्माण भी

भारत सरकार
सभी देशवासियों को
79वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



अगर आज दुनिया सोचती है कि भारत एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है, तो उसके पीछे 11 साल का एक शक्तिशाली लॉन्चपैड है।
- नरेन्द्र मोदी

CBC 46101/13/0016/2526

लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सुबह 6:30 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर।


ASP
आज़ाद समाज पार्टी
(कांशी राम)
भीम आर्मी
भारत एकता मिशन
79 वे स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त
प्रदेश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
चन्द्रशेखर आजाद
संस्थापक : भीम आर्मी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
आजाद समाज पार्टी (कां.)
विनय रतन सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भीम आर्मी
सुनील बैरसिया
प्रदेश प्रभारी
राजकुमार जांगड़े
प्रदेश अध्यक्ष भीम आर्मी (छ.ग.)
ओम कुर्रे
राष्ट्रीय कार्यकारिणी
मनोज बंजारे
प्रदेश उपाध्यक्ष भीम आर्मी, छत्तीसगढ़
मो.: 98279-58613
दिनेश आजाद
उपाध्यक्ष, भीम आर्मी
तुलेश दास महंत
महासचिव, भीम आर्मी
रामस्वरुप मंहिलांगे
प्रदेश महासचिव भीम आर्मी
वीरेंद्र कुर्रे
प्रदेश प्रवक्ता
पिताम्बर जांगड़े
कोषाध्यक्ष
संतोष निराला
उपाध्यक्ष, भीम आर्मी
संजू लेखराम गिलहरे
प्रदेश सचिव
भीम आर्मी
खिलन प्रसाद साहू
प्रदेश महासचिव
भीम आर्मी
विजय सोनवानी
प्रदेश कार्यकारिणी
भीम आर्मी
दीपक कुमार खुंटे
जांजगीर- चांपा
उदय चरण बंजारे
युवराज कुर्रे
रायपुर संभाग अध्यक्ष
संगठित रहो... शिक्षित बनो... संघर्ष करो...
Aditya Advt.
देश निर्माण के लिए भीम आर्मी भारत एकता मिशन से जुडें
• संतोष निराला 9399364095 • सीत करण महिलवार 7440384980 • संजु धृतलहरे 9303395572,
• हेमन्त आदिले 9399265038 • मनिन्द्दर निराला 8461964442 • विरेन्द्र कुर्रे 7440384980

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जेल डीजी गुप्ता...

सहित तीन पुलिसकर्मियों को भी केंद्रीय गृहमंत्रालय ने वीरता पुरस्कार देने की घोषणा की है। इन पुलिस अफसर, कर्मियों के अलावा केंद्रीय गृहमंत्रालय ने 10 पुलिस अफसरों को उनके पुलिस विभाग में योगदान को देखते हुए सराहनीय सेवा पदक देने की घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जिन पुलिस अफसर तथा कर्मियों को गैलेंट्री आवार्ड देने की घोषणा की है, उन पुलिस अफसर तथा कर्मियों ने नक्सल मोर्चा पर नक्सलियों के साथ लोहा लेने के साथ ही विषम परिस्थिति में अदम्य साहस का परिचय देते हुए धूल चटाई थी।

### शहीद होने वाले...

कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए फायरिंग की। दोनों तरफ हुई फायरिंग में तीनों जवान नक्सलियों के एंबुस में फंस गए और वीरगति को प्राप्त किया। इन तीनों को गैलेंट्री अवार्ड दिया जाएगा।

### नक्सलियों को ढेर...

पुलिस की जवाबी फायरिंग में आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली एलओसी कमांडर गोलापल्ली तथा एक लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम मड़कम एर्रा को ढेर हुए थे।

### उत्तराखंड के बाद...

बताया कि मृतकों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दो जवान भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवक सहयोग कर रहे हैं।

### स्कार्पियो के गुप्त...

कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर नकदी एवं वाहन दोनों को बीएनएसएस की धारा 106 के अंतर्गत जब्त किया गया। पुलिस ने नकदी एवं वाहन को जब्त कर मामला आयकर विभाग को सौंप दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ पुलिस द्वारा नियमित रूप से वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है।

### कारगिल के शहीदों...

साल 2012 में लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड भी मिला। श्रावण चोपकर भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारी थे और वर्तमान में रिटायर हैं। स्टील प्लांट में काम के दौरान उन्होंने कई अद्भुत काष्ठ कलाकृति बनाई। उनकी कलाकृतियों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उसमें कहीं भी कोई जोड़ नहीं है।

### साढ़े पांच महीने...

करने में लगाते थे। सेक्टर 2 अयप्पा मंदिर के पास रहने वाले चोपकर ने जो शहीदी श्रंखला बनाई है, वो परतंत्र भारत यानि ब्रिटिश काल की याद दिलाती है। इस चेन के बीच में लॉकेट के रूप में हथकड़ी बनाई गई है।

### पांच गांवों से 21...

महज पांच गांवों से निकले 21 वीर जवान आज भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल और सुरक्षा सेवाओं के विभिन्न मोर्चों पर तैनात हैं। यहां की गलियों में खेलते छोटे बच्चे लकड़ी की बंदूक लेकर "जय हिंद" के नारे लगाते हैं। बुजुर्ग छांव में बैठकर अपने बेटों की बहादुरी की बातें करते हैं, तो माताएं बेटे की तस्वीर पर हाथ फेरकर गर्व से भर उठती हैं। इस धरती पर देशभक्ति कोई सिखाई नहीं जाती, यह तो पीढ़ियों से रक्त में बहती है। **वीरों की लंबी फेहरिस्त-** आर्मी: नौशाद अली (शौकत अली, नागपुर), आशीष राय (शिवकुमार राय, नागपुर), संदीप कुमार (पन्नालाल, सलका), अभिषेक पाल (बाजीलाल पाल, हर्रा), तोमल साय (सकुल साय, सेंधा) **असम राइफल्स** : तोमल साय (सेंधा) **आईटीबीपी** : अश्वनी कुमार (फेकुलाल, नागपुर), विष्णु यादव (लक्ष्मण प्रसाद यादव, तुलसीपारा नागपुर), राकेश जायसवाल (राधेश्याम जायसवाल, नागपुर), योगेश जायसवाल (नागपुर), दिनेश कुमार राक्सेल (जगलाल राक्सेल, नागपुर) **बीएसएफ** : राम नारायण साहू (लक्ष्मी साहू, महुआ पारा नागपुर), अमरेश कुमार (सकुल साय, सेंधा), राकेश ठाकुर (कवर लाल ठाकुर, सेंधा), राजकुमार राय (तुलसीपारा नागपुर) **सीआरपीएफ**: प्रीतम राय (रामकुमार राय, नागपुर), प्रकाश जायसवाल (सुरेंद्र जायसवाल, नागपुर) **सीआईएसएफ** : दीपक यादव (हिरा लाल यादव, लाई नागपुर) **एसएसबी** : उमाकांत ठाकुर (स्व. बहादुर राम ठाकुर, नागपुर), सुजीत गुप्ता (सेमरा, नागपुर) **योगेश जायसवाल : गांव का गौरव, देश का सम्मान-** नागपुर के योगेश जायसवाल 2014 से आईटीबीपी में सेवा कर रहे हैं। पंजाब विधानसभा चुनाव ड्यूटी, लद्दाख की कठिन तैनाती और उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में जिम्मेदारी निभाने के बाद आज वे राष्ट्रपति भवन में तैनात हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गाँव और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। **त्याग और तपस्या के पीछे का परिवार-** जवानों के पीछे खड़े परिवार भी उतने ही वीर हैं। खेत में काम करती माँ, दूर से विदा करते पिता और त्यौहार पर बेटे की फोटो को देखकर आंसू पोंछते दादा-दादी-ये सब इस देश की असली ताकत हैं। इन गांवों में शादी-ब्याह हो या त्यौहार, फौजी बेटों का नाम आते ही माहौल गर्व से भर जाता है। यहाँ के बच्चे जब स्कूल में 'जन-गण-मन' गाते हैं, तो स्वर में सिर्फ सुर नहीं, बल्कि मातृभूमि के लिए जीने-मरने का प्रण भी होता है। **आने वाली पीढ़ी का सपना भी वर्दी**-भर्ती प्रक्रिया में इन गांवों के युवा सबसे आगे रहते हैं। हर घर में अगली पीढ़ी भी सेना में जाने की तैयारी कर रही है। यह परंपरा सिर्फ आज की नहीं, बल्कि आने वाले कई दशकों तक जारी रहने वाली है।

### आजादी से पहले...

के इन कागजों को धरोहर के रूप में संजोए रखना भी एक प्रकार से प्रशासन की सजगता का प्रमाण है। अब इन दस्तावेजों को ऑनलाइन किया जा रहा है। **नकल निकालने हर दिन लगते हैं ढेरों आवेदन** -रिकॉर्ड रूम में धरोहर की तरह रखे गए आजादी से पहले के ये पुराने दस्तावेज लोगों के बहुत काम आ रहे हैं। इन दस्तावेजों की नकल के आधार पर ही कई लोगों को जमीन का विवरण मिल पा रहा है, जिससे उनके अटके काम भी हो रहे हैं। आजादी के पहले और बाद में कई बड़े समाजसेवी किसानों ने अपनी जमीनें लोगों के हित के लिए शासन, प्रशासन से लेकर निजी समाजसेवी संस्था को दान में दी थी। इस जमीन के दस्तावेज अभी भी रिकॉर्ड रूम में हैं। **अंग्रेज शासनकाल के दौरान जिन जमीनों की खरीदी-बिक्री हुई उनके रिकॉर्ड भी सुरक्षित**- अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान रायपुर जिले में वर्ष 1928 से लेकर वर्ष 1947 के पहले तक बड़ी संख्या में विभिन्न खसरा नंबर की भूमि की खरीदी-बिक्री हुई थी। इन सभी भूमि के दस्तावेज भी पंजीयन विभाग के रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित हैं।

### 1928 से लेकर...

वर्ष 1934-35 से लेकर वर्ष 1950, 55 यहां तक 1947 के रिकार्ड भी मिले। इस रिकार्ड रूम में वर्ष 1928 तक की अवधि के पुराने रिकार्ड हैं।

### 'ऑपरेशन सिंदूर'...

असाधारण बहादुरी दिखाई। सरकार की ओर से जारी सूची के अनुसार, 233 जवानों को वीरता पदक, 99 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 758 को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के कई जवानों के अदम्य साहस की कहानियां सामने आई हैं।

### डीजी ऑपरेशन राजीव...

के लिए सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। भारतीय सैनिकों ने भारतीय नागरिक और सैन्य ठिकानों पर सैन्य हमलों को विफल कर दिया।

### वायु सेना के चार...

मार्शल अवधेश भारती समेत चार भारतीय वायु सेना अधिकारियों को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय सेना के अधिकारियों में चार अधिकारी कीर्ति चक्र और आठ अधिकारी शौर्य चक्र से सम्मानित किए जाएंगे।

### वसुंधरा सम्मान की ...

पत्रकारिता का स्वागत करते हैं। देश, राज्य और लोकतंत्र के विकास में पत्रकारों को जिम्मेदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। महात्मा गांधी कला मंदिर भिलाई में आयोजित वसुंधरा सम्मान के रजत जयंती समारोह में उपरोक्त वक्तव्य समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने दिया। समारोह का आयोजन लोकजागरण की संस्था वसुंधरा के द्वारा श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन तथा बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। **पत्रकारिता के स्वरूप और संस्कार मे काफी बड़े परिवर्तन हुए**- सोशल मीडिया के बीच पत्रकारिता की चुनौतियों विषय पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रतिष्ठित पत्रकार अभय कुमार दुबे ने कहा कि समकालीन पत्रकारिता में यह विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन वर्षों में पत्रकारिता के स्वरूप और संस्कार में काफी बड़े परिवर्तन हुए हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को समझने की जरूरत है। आखिर वे कौन सी नई परिस्थितियां हैं, जिनके चलते सोशल मीडिया का विस्तार हुआ है। जाहिर है कि हमारा समाज पत्रकारिता की मुख्य धारा के अलावा वैकल्पिक मीडिया को भी तवज्जो देता है और अपेक्षाएं भी रखता है। सत्ता और राजनीति के चरित्र में बीते पच्चीस वर्षों के दौरान कई बड़े बदलाव हुए है। पत्रकारिता भी इन बदलावों से अछूती नहीं रही, लेकिन तमाम बदलावों के बीच पत्रकारिता की जिम्मेदारियों मे अपैक्षाकृत बढोत्तरी ही हुई है। श्री दुबे ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के उदय के बाद पत्रकारिता विशेषकर प्रिंट मीडिया के सामने कई बड़ी चुनौतियां पेश हुई हैं। पत्रकारिता में विश्वसनीयता का विषय सदैव मौजूद रहा है। समारोह में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन,अहिवारा विधायक डोमनलाल कोसेवाड़ा, पद्मश्री उषा बारले, पद्मश्री राधेश्याम बारले विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली**

रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website : risali.urbanecg.gov.in

क्र./लो.क.वि./2025/909 — रिसाली, दिनांक 11/08/2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.क.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर. 01.01.2020 के आधार पर प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | रिसाली निगम मुख्यालय के पीछे रिसाली सेक्टर वार्ड क्र. 07 मे शेड निर्माण/पुस्तकालय भवन मरम्मत एवं विद्युतीकरण कार्य। | 4.87 |
| 2. | वार्ड क्र. 10 दशहरा मैदान रिसाली ब्लॉक नं. 186/एच एवं ब्लॉक नं. 185/डी तक नाली निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 1.78 |

नियम एवं शर्ते तथा कार्यो का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

---

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-260/25-26/3458 — Raipur, Dtd. 13/08/2025

**E-TENDER NOTICE NO. TN-260/25-26**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ works as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | MP-320/25-26 8100045683 (Without RLA) | Procurement of LOTO (Lock out Tag out) System related accessories for the implementation of LOTO at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Marwa. | 12.09.2025 Up to 15:00 Hrs |
| 2. | HW-321/25-26 8100045664(With RLA) | Carrying shift fitter activities in shift duty round the clock at CHP: Internal (Operation) 4x210MW, HTPS, Korba West. | 12.09.2025 Up to 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:– https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

Sd/-
Executive Director (S&P: Gen)
CSPGCL :Raipur

//Save Electricity//

---

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए, सीपीएम/जीएसयू/सीकेपी खुली निविदा के तहत ई-निविदा आमंत्रित करता है। **क्रम संख्या:** 1; **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-जीएसयू-जेएसजी-ईपीसी-25-26-2; कार्य का नाम:** इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर साउथ ईस्टर्न रेलवे के झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास; **निविदा मूल्य:** ₹ 73,58,20,822.00; **बयाना राशि:** ₹ 38,29,100.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** ₹ 0.00; **खुलने की तिथि:** 15.09.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल ऑफर को अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदाकर्ता/बोलीकर्ता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीकर्ता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग में भाग लेते समय सभी प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड किए जाने चाहिए। **नोट:** ई-निविदा दस्तावेज सभी निविदाकर्ता को निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3 ई/जीसीसी/नीति दिनांक 16.07.2020)। (PR-523)

---

**कार्यालय नगर पंचायत प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
Email Id: nagarpanchayatpratappur@gmail.com

**रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) 3rd call**

नगर पंचायत प्रतापपुर द्वारा Amrut Mitra योजना अंतर्गत समूह चयन के स्व सहायता समूहों से रूचि अभिव्यक्ति (EOI)- (1. Project Code: AMT-CG-PRATAPPUR-5348 2. Project Code: AMT-CG- PRATAPPUR -5409 3. Project Code: AMT-CG-PRATAPPUR -5379) दिनांक 19/08/2025 सायं 5 .30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण एवं नियम तथा शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के रूपये 100 .00 का भुगतान कर अथवा विभागीय वेबसाईट www .uad .cg .gov .in/surajpur .nic .in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)

---

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अनुलग्न-अ**

**कार्य विवरण:** बिलासपुर मंडल के KRBA (कोरबा) रेलवे स्टेशन के परिसंचारी क्षेत्र में "आउट आफ होम (ओओएच)" विज्ञापन के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन कार्य (गैर–डिजिटल) जिसका कुल क्षेत्रफल 2200 वर्गफुट है। हेतु लाइसेंस आबंटन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। पांच (5) वर्षों की अवधि के लिए बिलासपुर मंडल के KRBA (कोरबा) रेलवे स्टेशन के परिसंचारी क्षेत्र में "आउट आफ होम (ओओएच)" विज्ञापन के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन कार्य (गैर–डिजिटल) जिसका कुल क्षेत्रफल 2200 वर्ग फुट है। हेतु लाइसेंस आबंटन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही दिनांक **11.08.2025** को आईआरईपीएस वेबसाइट (**https://ireps.gov.in**) पर प्रकाशित की जा चुका है। विवरण निम्नानुसार है:–

**केटेलॉग क्र.:** OOH-KRBA-25 **श्रेणी:** एडवरटाइजिंग– आउट ऑफ होम
**अनुबंध अवधि:** 1826 दिन

| नीलामी तिथि एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण |
|---|---|---|
| 29.08.2025 12:00:00 | ADVT-BSP-KRBA-OH-183-25-1 | बिलासपुर मंडल के KRBA (कोरबा) रेलवे स्टेशन के परिसंचारी क्षेत्र में "आउट आफ होम (ओओएच)" विज्ञापन के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन कार्य (गैर–डिजिटल) जिसका कुल क्षेत्रफल 2200 वर्ग फुट है। हेतु लाइसेंस |

सीपीआर/10/249 — कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

---

**South East Central Railway**

**Notice for inviting Expression of Interest (EOI)**

In order to boost up investment from industry in development of additional terminal for handling Rail Cargos, a new Gati Shakti Multi-model Cargo Terminal (GCT) policy has been introduced vide Railway Board's Master Circular on Gati Shakti Multi-Modal Cargo Terminal (GCT)- 202 of dt-06.12.2022.

In order to implement the policy Bilaspur Division, South East Central Railway has inviting Express of Interest (EOI) for setting up Gati Shakti Multi Modal Cargo Terminal (GCT) Entirely/Partially on Railway land' at **Harrad and Uslapur Station** of Bilaspur Division of South East Central Railway.

The EOI document is being published by the Bilaspur division, S.E.C. Railway. The purpose of the EOI document is to provide interested parties with the relevant information regarding the project and understand the scope of the project and invite feedback from interested and eligible Agencies. The agencies are advised to study this EOI document carefully before submitting their feedback and suggestions in response to the EOI notice. The feedback and suggestions received as part of the response from the participants to this EOI document may be used towards formalizing RFP/Tender for the project which is proposed to be relieved in the near future.

**Last Date for submission of EOI response: 30.08.2025,**

**Offer/Response to the EOI should be submitted to:** Hard copy of the response may be submitted to the following address-Senior Divisional Commercial Manager, Commercial Branch, DRM office Complex, Railway Colony, Bilaspur 495004, (C.G.).

**Relevant Condition & Policy Document:** Master Circular on 'Gati Shakti Multi-Model Cargo Terminal (GCT)'-2022 is available in 'https://indianrailways.gov.in' and its time-to-time corrigendum/amendment.

Divisional Railway Manager (Commercial)
S.E.C.Railway, Bilaspur

CPR/10/PR/239

South East Central Railway @secrail

---






# राजस्व न्यायालयों में हर दिन 50 प्रतिशत प्रकरणों में भी नहीं हो रही सुनवाई, इसलिए लंबित ज्यादा

## सरकारी आयोजन, प्रोटोकॉल ड्यूटी बन रही बाधा, हड़ताल खत्म होने के बाद भी सुनवाई का प्रतिशत कम

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

कलेक्टोरेट एवं तहसील के राजस्व न्यायालयों में हर दिन सुनवाई के लिए जितने प्रकरणों में पेशी की तारीख दी जाती है, उनमें 50 प्रतिशत प्रकरणों में भी सुनवाई नहीं हो पा रही है। यही कारण है कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या भी घट नहीं रही है। राजस्व विभाग के पोर्टल में दर्शित आंकड़े बताते हैं कि न्यायालयों में किस गति से सुनवाई हो रही है। गुरुवार को पोर्टल में जारी आंकड़ों के अनुसार राज्यभर के राजस्व न्यायालयों में 5258 प्रकरणों पर सुनवाई होनी थी, जिनमें से 1926 प्रकरणों पर ही सुनवाई हो पाई। शेष 3332 प्रकरणों पर पेशी की तारीख आगे बढ़ा दी गई। इस तरह 36 प्रतिशत प्रकरणों पर ही सुनवाई हो पाई।

राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों पर नियमित सुनवाई नहीं होना एवं हर दिन निर्धारित प्रकरणों में 50 प्रतिशत से कम में सुनवाई होने का बड़ा कारण सरकारी आयोजन एवं प्रोटोकॉल ड्यूटी है। इन आयोजनों में राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदारों की प्रोटोकॉल ड्यूटी लगा दी जाती है। इसके कारण अधिकारी एवं तहसीलदार कोर्ट में बैठ नहीं पाते। इसके कारण पेशी की तारीख भी आगे बढ़ा दी जाती है।


हाल ही में प्रदेशभर के तहसीलदार 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। इसके कारण राजस्व न्यायालयों में सुनवाई भी नहीं हो पाई। सभी प्रकरणों में पेशी की तारीख आगे बढ़ा दी गई। हड़ताल खत्म होने के बाद संभावना जताई जा रही थी कि अब राजस्व प्रकरणों की सुनवाई में तेजी आएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। हड़ताल खत्म होने के बाद भी कई अधिकारी एवं तहसीलदारों की ड्यूटी विभिन्न सरकारी आयोजन के अलावा 15 अगस्त समारोह की तैयारियों में लगा दी गई। इसके कारण जिन प्रकरणों में सुनवाई होनी थी, उनमें बहुतों को अगली तारीख दे दी गई।

### कहीं 10 हजार, कहीं सात हजार प्रकरण लंबित

प्रकरणों में नियमित सुनवाई नहीं होने के कारण कई जिलों के राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में सबसे ज्यादा दुर्ग जिले में 10 हजार के करीब प्रकरण लंबित हैं। इसी प्रकार रायपुर, बिलासपुर सहित अन्य कई जिलों में 5 हजार से 7 हजार प्रकरण लंबित हैं।

## अलग-अलग जिलों में मंत्री, सांसद और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह का राज्य स्तरीय गरिमामय आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रातः 9 बजे से होगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। अलग-अलग जिलों में मंत्री, सांसद समेत जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव में हिस्सा लेंगे।




# चर्चित यश शर्मा हत्याकांड के चार आरोपियों को उम्रकैद

### बदमाशों ने यश का अपहरण कर तीन दिन तक बंधक बनाकर की मारपीट, उसके बाद अधमरा हालत में छोड़ दिया

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के चर्चित यश शर्मा हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज सिन्हा की कोर्ट ने चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बदमाशों ने गर्लफ्रैंड विवाद पर यश को पार्टी करने के बहाने बुलाया और उसका अपहरण कर बुरी तरह से मारपीट की। हालत बिगड़ने पर उसे एक फार्म हाउस में कमरा बुक कर तीन दिनों तक जबरन शराब पिला कर मारपीट की। मारपीट से यश की आंतों में सूजन आ गई थी, जिसके कारण अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने चारों आरोपियों को सजा सुनाई है। आरोपियों को सजा सुनाए जाने की पुलिस ने पुष्टि की है। यश शर्मा की हत्या के आरोप में कोर्ट ने यश खेमानी, तुषार पाहुजा, चिराग पंजवानी तथा तुषार पंजवानी को कैद की सजा सुनाई है। बदमाशों ने 13 अक्टूबर 2024 को यश को कॉल कर उद्योग भवन के पास बुलाया। इसके बाद उसे अपने साथ कार में बैठाकर मंदिर हसौद मार्ग की ओर ले गए। कुछ दूर जाने के बाद बदमाशों ने उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। यश शोर न मचाए, इसके लिए उसके मुंह को कपड़े से बांध दिया। मारपीट करने के बाद यश की हालत बिगड़ने लगी, तब बदमाशों ने उसे एक फार्म हाउस में कमरा बुक कराकर बंधक बनाकर रख लिया। मारपीट से बुरी तरह से आहत दर्द से तड़प रहे यश को बदमाशों ने दर्द से राहत देने पेन किलर दवा दी और जबरन शराब पिलाई। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। इस पर यश खेमानी तथा उसके साथियों ने दो दिन बाद अधमरा हालत में उसे उसके घर के पास छोड़ा और फरार हो गए। यश शर्मा को उपचार कराने उसके परिजनों ने एम्स अस्पताल में दाखिल किया, जहां उसकी कुछ दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। यश शर्मा के साथ मारपीट तथा बंधक बनाने की वजह यश खेमानी की गर्लफ्रैंड से बात करना था।

### सजा से बौखलाए बदमाशों ने की गाली-गलौज

चारों आरोपियों को कोर्ट ने 28 गवाहों के बयान के आधार पर सजा सुनाई है। मामले का ट्रायल तीन माह पहले ही शुरू हुआ था। ट्रायल पूरा होने के बाद कोर्ट ने आरोपियों को कैद की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने पर यश खेमानी तथा उसके साथी कोर्ट परिसर में हंगामा करने लगे। साथ ही वहां उपस्थित लोगों के साथ गाली-गलौज की।

## वकील के साथ हुज्जतबाजी, दो गिरफ्तार, केस किसी दूसरे को देने की बात को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

वकील के साथ हुज्जतबाजी तथा धमकी देने के आरोप में सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ डीडीनगर थाने में लूट तथा आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। वकील के साथ हुज्जतबाजी तथा धमकी से नाराज जिला अधिवक्ता संघ ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाने मांग की है।

विशाल गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने विजय घृतलहरे तथा ललित कुर्रे को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है, दोनों बदमाश अपने एक अन्य साथी के साथ अपने वकील के पास आए थे। वकील से मिलने आए युवक अपने प्रकरण के बारे में चर्चा कर रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने अपने वकील के साथ केस किसी दूसरे को सौंपने एनओसी देने की मांग की। इस बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। इस दौरान एक बदमाश ने वकील को देख लेने की धमकी देते हुए गाली-गलौज की और अपने एक हाथ से पेंट के पीछे की जेब से कुछ निकालने की कोशिश करने लगा। साथ ही उस युवक ने वकील को मारने की कोशिश की। पहले से सतर्क वकील ने झुककर अपने आपको बचाया। मौके पर उपस्थित तीन अन्य वकीलों ने दोनों बदमाशों को दबोच लिया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com